# कार्यालय, नगरपालिक निगम चिरमिरी

मालवीय नगर, वेस्ट चिरमिरी, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ०ग०)

Phone/Fax -07771-263214, 263213

E-mail :- nagarnigam_chirimiri@yahoo.com

Website :- nagarnigamchirimiri.in


क्रमांक / 1350 / जल / न०पा०नि० / 2026 चिरमिरी, दिनाँक : 02/07/26

## -:: ऑफर आमंत्रण सूचना ::-

नगर पालिक निगम चिरमिरी क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थलों में स्थापित सम्पवेल, ओव्हरहेड टंकी, सी०सी० टंकी, पी०व्ही०सी० टंकी, स्टैण्ड टाईप टंकीयों का वैज्ञानिक पद्धति से सफाई कार्य (अनु० लागत राशि रू० 8,41,860.00) हेतु निर्धारित अहर्ताधारी पंजीकृत ठेकेदार/फर्मों से ऑफर दरें त्रि-लिफाफा पद्धति में दिनांक 21/07/26 को अपरान्ह 5:30 बजे तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से आमंत्रित की जाती है। ऑफर दर दिनांक 22/07/26 को सायं 5:00 बजे उपस्थित ठेकेदार/फर्मों के अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जावेगा। ऑफर दर के साथ रू0 25,256.00 धरोहर राशि एफडीआर/टीडीआर के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा।

लिफाफा "अ" में धरोहर राशि एवं अहर्ता संबंधी दस्तावेज, लिफाफा "ब" में ऑफर दर एवं लिफाफा "स" में दोनों लिफाफा "अ" एवं "ब" भरकर प्रस्तुत करना होगा।

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं शर्तें निविदा दिनांक से एक दिवस पूर्व तक कार्यालयीन अवधि में उपस्थित होकर तथा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम चिरमिरी
जिला-एम०सी०बी० (छ०ग०)

पृ०क्र० / 1351 / जल / न०पा०नि० / 2026 चिरमिरी, दिनाँक : 02/07/26

प्रतिलिपि :-

1. मान0 महापौर, न0पा0नि0 चिरमिरी, जिला-एम0सी0बी0 (छ0ग0) की ओर सूचनार्थ।
2. प्रोग्रामर, राज्य डाटा सेंटर, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, जिला-रायपुर (छ0ग0) की ओर विभागीय वेबसाईट में अपलोड करने हेतु प्रेषित।
3. (1) सम्पादक हरिभूमि (छ0ग0) क्षेत्रीय प्रतिनिधि श्री अजय मिश्रा जी
   (2) सम्पादक .................. (छ0ग0) क्षेत्रीय प्रतिनिधि श्री .................. को सूचनार्थ।
   कृपया अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में निविदा को 02 कॉलम x 08 से०मी० में दिनांक 3/7/026 अंक में शासन के स्वीकृत दर पर प्रकाशित करने का कष्ट करेंगे। साथ ही विज्ञापन प्रकाशन की तीन प्रति देयक के साथ तीन दिवस के भीतर संबंधित शाखा में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।
4. कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा हेतु।
5. आयुक्त नस्ती हेतु।

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम चिरमिरी
जिला-एम०सी०बी० (छ०ग०)

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय, नगरपालिक निगम चिरमिरी

मालवीय नगर, वेस्ट चिरमिरी, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भतरपुर (छ०ग०)

Phone/Fax -07771-263214, 263213

E-mail :- nagarnigam_chirimiri@yahoo.com

Website :- nagarnigamchirimiri.in


स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

निरतम् विकासशीलम् करामहे

दिनांक....................

## नियम एवं शर्तें

1. ऑफर में भाग लेने हेतु इच्छुक ऑफर दाताओं का निम्न दस्तावेजों की प्रमाणित छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा :–
   1. वस्तु एवं सेवा कर (G.S.T.) में पंजीयन की प्रति।
   2. पिछले 03 वित्तीय वर्षों का आयकर चुकता प्रमाण–पत्र की प्रति।
   3. पेनकार्ड की प्रति।
   4. Tank Cleaning कस अनुभव प्रमाण पत्र अथवा कार्यादेश की प्रति।
   5. समस्त दस्तावेज स्व हस्ताक्षरित कर प्रस्तुत करना होगा एवं दस्तावेज सही होने संबंधी शपथ पत्र न्यूनतम रू0 10/– के स्टाम्प पेपर पर नोटरी कराकर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
   6. लिफाफा "अ" में धरोहर राशि एवं अहर्ता संबंधी दस्तावेज, लिफाफा "ब" में ऑफर दर एवं लिफाफा "स" में दोनों लिफाफा "अ" एवं "ब" भरकर प्रस्तुत करना होगा।
2. आमनत राशि/राष्ट्रीयकृत बैंक/स्थानीय स्तर के सहकारी तथा ग्रामीण बैंक द्वारा जारी एफ.डी.आर/टी.डी.आर/एम.एम.डी.सी आयुक्त नगर पालिक निगम चिरमिरी एवं संबंधित फर्म के संयुक्त नाम से जो निविदा प्रकाशन दिनांक के पश्चात् जारी किया गया हो एवं जिसकी वैद्यता कम से कम 01 वर्ष या उससे अधिक होने की स्थिति में ही मान्य होगी। बिना अमानत राशि के निविदा अमान्य मानी जावेगी। अमानत राशि कार्य पूर्ण होने के तीन माह पश्चात् कार्य संतोषप्रद होने की स्थिति में वापस की जा सकेगी।
3. ठेकेदार को कार्यालय द्वारा प्रदाय कार्यादेश में उल्लेखित राशि में ही कार्य संपादन करना होगा। विशेष परिस्थितियों में कार्यादेश की राशि से अधिक के कार्य करने के लिए पूर्व सक्षम स्वीकृति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
4. ठेकेदार को कार्यालय द्वारा प्रदाय कार्यादेश में उल्लेखित राशि में ही समय सीमा में ही कार्य पूर्ण करना अनिवार्य होगा। पृथक से समय वृद्धि विशेष परिस्थितियों को छोड़कर प्रदान नहीं की जावेगी।
5. चल देयकों के भुगतान की स्थिति में 85 प्रतिशत का ही भुगतान देय होगा, रोकी गई 15 प्रतिशत की राशि का भुगतान अंतिम देयकों के समय किया जावेगा।
6. वैज्ञानिक पद्धति एक एलीवेटेड सर्विस रिजर्वियर की सफाई करने में नियोजित सभी कर्मचारियों/सुपरवाईजरों का पूर्ण बीमा कराना होगा, जिसमें होने वाला व्यय ठेकेदार द्वारा वहन किया जावेगा। दुर्भाग्यवश यदि कोई दुर्घटना होती है तो, सम्पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।
7. सफाई कार्य में उपयोग की गई सामग्री निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप होना अनिवार्य होगा।
8. यदि आयुक्त/इंजीनियर की राय में कोई भी किया गया काम विकृत/अपूर्ण या कुशल कारीगरी के नहीं है या उसमें उपयोग किया गया सामान हीन है तो लिखित में मांग किए जाने पर वह ठेकेदार उसमें तुरंत सुधार करेगा, उसे हटाएगा या उसकी पूरी तरह या अंशतः जैसी भी परिस्थिति हो पुनः निर्माण करेगा जिसके लिए कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जावेगा और उसके इस कार्य को आयुक्त/इंजीनियर, जैसी भी परिस्थिति हो, द्वारा निर्धारित समयावधि में पूरा करने से इंकार करने पर या हीन गुणों के समझे गए सामान को और निविदा की शर्तों के विपरीत वस्तु या सामान न जाने पर आयुक्त/इंजीनियर द्वारा लिखित मांग किए जाने से 10 दिन से अनाधिक समय में अनुपालन ना करने पर प्राक्कलन की राशि पर एक प्रतिशत की दर से क्षति का भुगतान ठेकेदार को करना होगा।
9. समय–समय पर पारित अन्य आदेशों तथा निर्देशों का पालन करना होगा।
10. समस्त करों के भुगतान का दायित्व निविदाकार का होगा।
11. स्थल की आवश्यकता के आधार पर कार्य के परिणाम में कमी/वृद्धि की जा सकती है।
12. ठेकेदार द्वारा निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण न कर सकने की स्थिति में ठेका निरस्त करते हुए ठेकेदार का नाम काली सूची में दर्ज किया जावेगा।
13. निविदाकार को दर स्वीकृति उपरांत 05 दिवस के भीतर राशि रू० 100/– के (नॉन ज्यूडिशियल) स्टाम्प पेपर पर अनुबंध करना अनिवार्य होगा।
14. कार्यादेश प्राप्ति पश्चात् 07 दिवस के भीतर कार्य प्रारंभ करना अनिवार्य होगा।
15. ठेकेदार द्वारा दी गई समयावधि में कार्य पूर्ण न कर सकने की स्थिति में देयक से निविदा शर्तों के नियमानुसार कटौती की जावेगी।
16. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।
17. किसी भी विवाद की स्थिति में नगर पालिक निगम चिरमिरी प्रशासन का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा। जिसके लिए कोई भी न्यायालयीन वाद मान्य नहीं होगा।
18. बिना कारण बताए निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत या पूर्ण रूप से अमान्य करने का अधिकार नगर पालिक निगम चिरमिरी प्रशासन का होगा।
19. निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं शर्तें निविदा दिनांक से एक दिवस पूर्व तक कार्यालयीन अवधि में उपस्थित होकर संबंधित विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम चिरमिरी
जिला–एम०सी०बी० (छ०ग०)

E:\sandeep new\Vijay Wadhawan\Pani Tanki Safai 2026\Latter Formate WATER 2026.docx

Scanned with OKEN Scanner